बरेली, रविवार
16 अप्रैल 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

एसआरएमएस में टाटा के विशेषज्ञों ने कराई वर्कशॉप

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज के ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में टाटा कन्सल्टेंसी सर्विसेज के विशेषज्ञों ने वर्कशॉप आयोजित की। इसमें इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। विशेषज्ञ सैयद मोहम्मद जैन ने कोडबीटा एवं टेस्टीमॉनी के बारे में बताया। साथ ही उसके फायदे बताए।

छात्र-छात्राओं ने मोहम्मद जैन से सवालों के जवाब भी जाने। वर्कशॉप में एमसीए द्वितीय वर्ष, बी-टेक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च के बीटेक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वर्कशॉप को सफल बनाने में प्रोफेसर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनंत श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य सीईटी आर, नितिन अग्रवाल, अनुज कुमार आदि का सहयोग रहा।